Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to supply sufficient quantity of urea that is needed by farmers for cultivation of Rabi Crops in Guna Parliamentary Constituency, M.P.

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

महोदय, मैं आपका ध्यान अन्नदाता किसानों की उर्वरक की समस्या की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ, जबकि भारत सरकार के पास उर्वरक की कोई कमी नहीं है । चूँकि इस वर्ष समय पर पर्याप्त वर्षा होने के कारण और रबी फसल बुवाई का क्षेत्रफल बढ़ जाने के कारण मेरे लोक सभा क्षेत्र के गुना, शिवपुरी और अशोक नगर जिलों में एक ही समय में खाद की अधिक माँग से कृषकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है । खाद वितरण की समस्या मेरे लोक सभा क्षेत्र के साथ-साथ सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में ही बनी हुई है । मेरा क्षेत्र कृषि प्रधान है और गेहूँ की पैदावार के लिए प्रसिद्ध है । डीएपी खाद की फसल बुवाई के समय कमी हुई थी, जबकि बुआई के बाद वर्तमान में यूरिया की आवश्यकता अधिक है ।

अतः मेरा आपके माध्यम से उर्वरक मंत्री जी से निवेदन है कि यूरिया की पर्याप्त मात्रा समयानुसार उपलब्ध कराने की कृपा करें । धन्यवाद ।